सांवरिया ऐसा डाल गुलाल मैं रंग जाऊं तेरे रंग में

सांवरिया ऐसा डाल गुलाल मैं रंग जाऊं तेरे रंग में..........

अनुपम प्रेम जगे जीवन में तन मन रंग जाए तेरे रंग में,
अरे रंगों की करो बौछार मैं रंग जाऊं तेरे रंग में,
सांवरिया ऐसा डाल गुलाल मैं रंग जाऊं तेरे रंग में..........

रंग दो वृन्दावन की गलियाँ ग्वालन गोपिन और सब सखिया,
रंग की मारो ऐसी धार मैं रंग जाऊं तेरे रंग में,
सांवरिया ऐसा डाल गुलाल मैं रंग जाऊं तेरे रंग में..........

हर पल तेरा रूप निहारूं सोवत जगत तोहे पुकारूँ,
कर दो मेरा बेडा पार मैं रंग जाऊं तेरे रंग में,
सांवरिया ऐसा डाल गुलाल मैं रंग जाऊं तेरे रंग में..........

मैं रंग जाऊं तेरे रंग में,
सांवरिया ऐसा डाल गुलाल मैं रंग जाऊं तेरे रंग में........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30972/title/sanwariya-aisa-daal-gulal-main-rang-jaau-tere-rang-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |